तापमान
अधिकतम 20.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023



08 बेदखल किए गए अतिक्रमणकारी मुख्य मार्ग सहित मंडी रोड में करने लगे कब्जा



10 कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में सिमगा....






# छत्तीसगढ़ के प्रयाग 'राजिम' की पौराणिक व सांस्कृतिक महत्ता को विद्यार्थियों ने जाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला के कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम तथा चम्पारण जिला गरियाबंद का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने राजिम व चंपारण के पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व को जाना। त्रिवेणी संगम स्थित कुलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

- त्रिवेणी संगम के मध्य में स्थित कुलेश्वर महादेव का लिया दर्शन लाभ

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि राजिम महानदी के तट पर स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, इसे छत्तीसगढ़ का प्रयाग भी कहा जाता है। प्रसिद्ध राजीव लोचन मंदिर में भगवान विष्णु प्रतिष्ठित हैं। यहां पर महानदी, पैरी, सोंढूरनदी का संगम होने के कारण यह स्थान त्रिवेणी संगम कहलाता है। संगम के मध्य में कुलेश्वर महादेव का विशाल मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि वनवास काल में श्रीराम भगवान ने इसी स्थान पर अपने कुल देवता महादेव की पूजा की थी। चंपारन धाम भी वैष्णव पंथ के संत महाप्रभु वल्लभाचार्य का जन्मस्थान माना जाता है। संत महाप्रभु वल्लभ संप्रदाय के संस्थापक और सुधारक थे, यहां संत महाप्रभु की छठी बैठक भी है। बैठक के समीप यहां पर चम्पेश्वर महादेव का प्रसिद्ध मंदिर है। समीप में माता यमुना का मंदिर है।

इस मंदिर को आकर्षक डिजाइन व चित्रकारी कर सजाया गया है। श्री बैठक के मंदिर में मंगला दर्शन, श्रृंगार दर्शन, राजभोग दर्शन, उत्थापन दर्शन, शयन दर्शन में से एक उत्थापन दर्शन को अपरान्ह 4 से 5 बजे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दर्शन करने का अवसर मिला। इससे विद्यार्थियों को धार्मिक स्थल के बारे में जानकारी मिली।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

### प्राचीन नाम कमलक्षेत्र था

विद्यार्थियों को बताया गया कि इस स्थान का प्राचीन नाम कमलक्षेत्र है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि के आरंभ में भगवान विष्णु की नाभि से निकला कमल यहीं पर स्थित था और ब्रह्मा जी ने यहीं सृष्टि की रचना की थी। कुलेश्वर महादेव तक पहुंचने के लिए भव्य लक्ष्मण झूला का निर्माण किया गया है। जिससे लोगों को सालभर दर्शन, पूजा- अर्चना की सुविधा प्राप्त हुई।



### इनकी भूमिका रही सराहनीय

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना, भारत राम बंजारे,हरेंद्र कुमार शांडिल्य, श्यामलाल नवरत्न,सालिक राम साहू, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, सुरेशकुमार रात्रे , उमाशंकर साहू, निर्मल कुमार खूटे , शिवकुमारी महिनांगे , सोहनलाल डडसेना ,कुसुमलता ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

## खबर संक्षेप

### सारंगढ़, बिलाईगढ़ व बरमकेला में धान बोनस वितरण समारोह आज

**मुड़पार सरसीवां।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय सुशासन दिवस का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। जिला, जनपद और ग्राम पंचायत मुख्यालय में सुबह 10 बजे से अटल चौक पर या चित्र के समक्ष अटल जी की पूजा कर सुशासन का संकल्प लिया जाएगा। जिले के विभिन्न स्थानों में शाम को काव्य पाठ किया जाएगा। सुशासन दिवस से ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्यक्रम शुरुआत किया जाएगा, जो एक सप्ताह तक निरंतर होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 25 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे वीडियो कांफ्रेंस से जुड़कर राज्यभर के संबंधित किसान को दो वर्ष का धान उत्पादन प्रोत्साहन बोनस राशि डीबीटी भुगतान करेंगे। यह वर्चुअल कार्यक्रम सारंगढ़ के शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में, बरमकेला के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में और बिलाईगढ़ के शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### धान बेचने के टोकन को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना में धान बेचने के टोकन को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर मोतीलाल चौधरी पिता चैतराम 40 साल ग्राम दर्राभाठा ने वासुदेव चौधरी पिता चैतराम 35 साल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### कचरा फेंकने की बात पर दो गुटों में मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना के ग्राम बिजातीपाली में कचरा फेंकने की बात से अश्लील गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इसकी रिपोर्ट कुंती साहू पति हेतराम 38 साल ने राजेन्द्र चौहान एवं जमुना चौहान के खिलाफ दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष के जमुना चौहान पति राजेश 28 साल ने हेतराम साहू एवं कुंती साहू पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 27 लीटर देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमल विहार के पास दो युवकों के कब्जे से 27 लीटर शराब जब्त की है। कमल विहार गेट श्रीराम चौक के पास से साहिल नागरची तथा टिकेश यादव को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों को शराब प्लास्टिक की बोरी में भरकर लोगों को घूम-घूम कर बेचते पकड़ा है।



## परेशानी : पुल की निकाली जा रही पुरानी स्लेब

# गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग में घंटों लगा जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

गिधौरी से शिवरीनारायण मार्ग पर महानदी पुल याने शबरी सेतु का मरम्मत कार्य शुरू होने के कारण घंटों जाम की स्थिति बन रही है। मरम्मत के लिए पुल की पुरानी स्लेब निकाली जा रही है।

शबरी सेतु व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर प्रत्येक वर्ष बार बार खाना पूर्ति के कांक्रीटीकरण कर मल्हम लगाया जाता है। जिससे महानदी शबरी सेतु गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग में जगह- जगह बड़े- बड़े जानलेवा गड्ढे तथा पुल स्लेब टूट जाने से छड़ दिखने लगी थी। पुल के जर्जर होने व छड़ से आये दिन राहगीर व वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे।

**काम की रफ्तार धीमी, तीन माह में पूरा करना है**

जर्जर पुल व हादसों को लेकर गिधौरी से शिवरीनारायण शबरी सेतु की जर्जर पुल की खबर लगातार हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा था। खबर प्रकाशन के बाद शिवरीनारायण शबरी सेतु पर अब पुराने स्लेब को तोड़ने का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसके चलते गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग शबरी सेतु में रविवार को सुबह 10 बजे से जाम लगने के कारण बड़े वाहनों की लम्बी कतार लग गई। घंटों तक गिधौरी- शिवरीनारायण मार्ग पर ट्रैफिक जाम हो गया ।

राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गिधौरी- शिवरीनारायण दोनों तरफ आवागमन बाधित थे । महानदी शबरी सेतु का स्लेब तोड़ने का काम कछुआ चाल से किया जा रहा है। बड़े वाहनों के आने जाने का रूट बदलने की जरूरत है। वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं बनाने पर रोज जाम की स्थिति बनी रहेगी। अभी तो सेतु के स्लेब तोड़ने का कार्य प्रारंभ हुआ है, जिसकी रफ्तार धीमी है। वर्तमान रफ्तार के आधार पर आशंका व्यक्त की जा रही है कि तीन माह में कार्य पूर्ण नहीं होगा। क्योंकि यह मुख्य मार्ग होने से लगातार बड़े वाहन गुजरते हैं।

## मरम्मत कार्यः शबरी सेतु की पुरानी स्लेब निकालने का कार्य शुरू



### माघी मेले के दौरान होगी परेशानी

दिसंबर माह में कार्य शुरू हुआ है और तीन माह में पूरा करना है। जनवरी के बाद फरवरी माह में शिवरीनारायण में विशाल माघी मेले का आयोजन किया जाता है। अगर काम तेज गति से नहीं हुआ तो मेले के दौरान स्थिति बिगड़ सकती है। इस समय हजारों वाहनों सहित लाखों का आवागमन होगा। इकसे कारण से यातायात व्यवस्था बिगड़ सकती है।

# 200 क्विंटल धान और 1 ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

बिलाईगढ़ विकासखंड के गावों में खाद्य विभाग और मंडी समिति भटगांव द्वारा धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। भटगांव के ग्राम गिरसा के भगतराम साहू और हेमलाल साहू से 30–30 बोरा के कुल 24 क्विंटल, ग्राम दुरुग के ऋषि अग्रवाल से 28 बोरा कुल 11 क्विंटल, ग्राम पवनी के रामकृष्ण साहू से 84 बोरा कुल 33 क्विंटल और झुमुक साहू से 63 बोरा कुल 25 क्विंटल, ग्राम गिरवानी के तीरथराम साहू से 53 बोरा के कुल 21 क्विंटल, ग्राम बांसउरकुली के नारायण प्रसाद साहू से 215 बोरा कुल 86 क्विंटल धान जब्त किया गया है। कार्रवाई के दौरान रामकृष्ण साहू का एक ट्रैक्टर भी अवैध कारोबार में लिप्त होने पर बरामद किया गया है। अब तक की गई कार्रवाई में 503 बोरों में 200 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

- बिलाईगढ़ क्षेत्र में अवैध कारोबार रोकने छापामार कार्रवाई जारी

## 1.77 लाख से अधिक किसानों को 279 करोड़ का बोनस दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर 25 दिसम्बर को राष्ट्रीय सुशासनदिवस मनाया जाएगा। शहर के गार्डन चौक में सुबह 7.30 बजे से श्रद्धांजलि, संकल्प कार्यक्रम उपरांत स्वच्छता कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में स्थित अटल चौक में माल्यापर्ण एवं श्रध्दांजलि कार्यक्रम के साथ ही सुशासन की शपथ लेने के पश्चात स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत किसानों का दो वर्ष का बोनस राशि का ऑनलाइन अंतरण किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम बलौदाबाजार ▸▸ शेष पेज 09 पर

- शहर के गार्डन चौक एवं ग्राम पंचायतों के अटल चौक पर होंगे विविध कार्यक्रम
- सुशासन का लिया जाएगा संकल्प

## भटभेरा सरपंच बर्खास्त, वसूला जाएगा 21. 60 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

जनपद पंचायत सिमगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भटभेरा सरपंच के विरुद्ध शिकायत व जांच उपरांत एसडीएम सिमगा ने धारा 40 की कार्रवाई की है। एसडीएम ने सरपंच द्वारा 14 वें एवं 15 वें वित्त की राशि का दुरुपयोग किए जाने पर 21. 60 लाख वसूलने का आदेश जारी किया है।

- एसडीएम सिमगा ने की धारा 40 के तहत कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत सिमगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भटभेरा सरपंच बेदिन बाई साहू के विरुद्ध वर्ष 2019 – 20 में 9,15997 रुपए, वर्ष 2020 – 21 में 14 एवं 15 वें वित्त में 9,28227 रुपए एवं वर्ष 2021 – 22 में 14 वें एवं 15 वें वित्त में 3,16000 रुपए माह अगस्त 2021 तक कुल राशि 21 लाख 60 हजार रुपए बिना तकनीकी स्वीकृति व मूल्यांकन एवं माल क्रय नियम का पालन किए बिना ही व्यय किया गया। उक्त शिकायत व जांच पश्चात एसडीएम सिमगा अमित गुप्ता द्वारा अवलोकन करने के बाद सीईओ अमित दुबे के जांच प्रतिवेदन के अनुसार सरपंच व ▸▸ शेष पेज 09 पर

### राशि के दुरुपयोग किए जाने का मामला

इस प्रकार भटभेरा सरपंच बेदिन बाई साहू से शेष राशि 1244227 रुपए द्वारा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नही करने पर उक्त राशि का दुरूपयोग किया जाना सिद्ध होता है। इसलिए अनावेदिका सरपंच का कृत्य अनियमितता की श्रेणी में आता है तथा छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के विपरीत एवं छग पंचायत माल क्रय नियम 2013 का उल्लंघन होने से अनावेदिका सरपंच का पद पर बना रहना लोकहित में अवांछनीय है। इसलिए सरपंच बेदिन बाई साहू को पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत दोषी पाए जाने पर उसे सरपंच पद से बर्खास्त कर दिया गया। एसडीएम ने 14 वें एवं 15 वें वित्त की राशि का दुरूपयोग किए जाने से छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत वसूली किए जाने का आदेश पारित किया।

# अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन करते एक जेसीबी व 3 हाईवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

विकासखंड अंतर्गत बनसांकरा में अवैध उत्खनन व परिवहन करते 1 जेसीबी और 3 हाईवा को विभागीय अमले ने जब्त किया है। बताया जा रहा है कि वाहनों में मुरूम व किरचा पत्थर का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा था। वाहन मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात अफसरों ने कही है। जिला खनिज अधिकारी केके बंजारे ने बताया कि आज खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बनसांकरा में मुरूम सहित किरचा पत्थर का अवैध उत्खनन करते ▸▸ शेष पेज 09 पर

### कार्रवाई जारी रहेगी

खनिज अधिकारी श्री बंजारे ने कहा कि आज की कार्रवाई के बाद आगे भी अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन पर लगातार कार्रवाई जा रही रहेगी। अभियान के तहत कार्रवाई कर खनिज पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगाम लगाई जाएगी। कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## सिंचित-असिंचित गेहूं के अतिरिक्त सरसों तथा अलसी का बीमा होगा

# 31 तक करा सकेंगे प्रधानमंत्री फसल बीमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भटगांव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत वर्ष 2023–24 के रबी फसल और उद्यानिकी फसलों के लिए पीएम फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित किया गया है । योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं रोगों के कारण किसी भी अधिसूचित फसल के नष्ट होने पर कृषकों को वित्तीय सहायता दी जाती है, जिससे प्राकृतिक आपदा के वर्षो में कृषि आय को स्थिर रख सकें।

कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि संचालनालय कृषि छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन और कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले में किसान गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित के अतिरिक्त सरसों तथा अलसी का बीमा करा सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीट व्याधि, ओला वृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से राहत



दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भूस्वामी व बंटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसलों के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत किए हो वे बीमा के लिए पात्र होंगे। इनके साथ ही ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उत्पादन करने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो वे बुवाई पुष्टि प्रमाण पत्र संबंधित पटवारी अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं ।

जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24, 2024–25 तक किसानों के द्वारा प्रदाय की जाने वाली प्रीमियम दर, रबी वर्ष 2023–24 में फसल के आधार पर बीमित राशि का 2 प्रतिशत किसानों द्वारा देय होगा। एक ही अधिसूचित ग्राम एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग–अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है । इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंकों को 31 दिसम्बर से पूर्व देना होगा। ऋणी एवं अऋणी कृषकों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में किसान के समस्त दस्तावेज को निरस्त करने का अधिकार बीमा कंपनी के पास होगा। निर्धारित अंतिम तिथि 31 दिसम्बर के पूर्व सभी पात्र किसान अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं । इसके लिए अपने सहकारी समिति, संबंधित बैंक, लोक सेवा केन्द्र से अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

### ये दस्तावेज देने होंगे

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए जरूरी दस्तावेजों में किसान के जमीन के दस्तावेज,किसान का पहचान प्रमाण पत्र आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड,किसान का पता प्रमाण वोटर कार्ड बैंक अकाउंट की जानकारियाँ जैसे बैंक का नाम, शाखा, अकाउंट नंबर। किसान द्वारा फसल के बुआई शुरू किए हुए दिन की तारीख, आवेदन फार्म आदि दस्तावेज देने होंगे।


हरिभूमि
## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### बैठक में विधायक मिश्रा ने तय की रणनीति

रायपुर। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने शनिवार को एक बैठक ली, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्ड पार्षदों, मंडल अध्यक्षों के अलावा प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। इस बैठक में आगामी रणनीति को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में विधायक श्री मिश्रा के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने एवं लोकेश कावड़िया भी मौजूद रहे। तीनों ही नेताओं की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि प्रतिदिन एक वार्ड का भ्रमण किया जाएगा। संबंधित जोन अधिकारियों से मौजूदा समस्याओं की जानकारी ली जाएगी और उसके समाधान व प्रगति की जानकारी ली जाएगी। इस बैठक में रायपुर भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल, पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पार्षद सूर्यकांत राठौर, रोहित साहू समेत सभी मंडल के अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विधायक मिश्रा ने तीरंदाजी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में 23वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक श्री मिश्रा ने बकायदा प्रत्यंचा चढ़ाई और निशाना साधा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने प्रदेशभर से धनुर्धर पहुंचे हुए हैं। आर्चरी एसोसिएशन की ओर से कैलाश मुरारका ने विधायक श्री मिश्रा का स्वागत किया और जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन महान धनुर्धर 'दशम गुरु' गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को ध्यान रखते हुए आयोजित किया गया है।

### दुकान खरीदी के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ दुकान खरीदी विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक दावड़ा कालोनी निवासी मोईनुद्दीन कुरैशी ने मोहम्मद वसीम खान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मोईनुद्दीन ने पुलिस को बताया है कि दुकान खरीदी के विवाद पर वसीम ने उसके घर के अंदर जबरदस्ती घुसकर उसके साथ मारपीट की।

### लोहा खरीदी करने के नाम पर ठगी

**रायपुर।** मौदहापारा थाने में एक उद्योगपति ने दूसरे कारोबारी के खिलाफ साढ़े 29 लाख रुपए की लोहा खरीदी करने के बाद भुगतान नहीं कर उसके साथ ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक एमजी रोड स्थित वंदना इस्पात के ऑफिस की तरफ से संदीप कुमार जैन ने मेसर्स रत्नम इंडस्ट्रीज के संचालक जलपति राव के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

### नयापारा में बाबा गुरु घासीदास जयंती कल

**बिरकोनी।** ग्राम नयापारा (अछरीडीह) में 26 दिसम्बर मंगलवार को सतनामी समाज द्वारा गुरु घासीदास जयंती मनाई जाएगी। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा कचरा के फूल भागबली के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर प्रवीण वंशे,मोहन चेलक, संजय बंजारे, संतराम बंजारे, आसकरण सोनवानी सहित आयोजक युवा सतनामी समाज के सदस्यगण तैयारी में जुटे हुए हैं।

### रूमेकेल में सात दिवसीय रासेयो शिविर प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन उच्चतर प्राथमिक शाला रूमेकेल में 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पवन कुमार ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत रूमेकेल ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# अब घर बैठे बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड, चक्कर लगाने का झंझट खत्म

## पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर से लागिन करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अब आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासकीय अस्पताल या फिर इस चॉइस सेंटर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। बल्कि हितग्राही स्वयं घर बैठे अपने मोबाईल से आसान फॉर्म भरकर बना सकेंगे। मरीजों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रलय ने आयुष्मान कार्ड सेवा को और भी अपग्रेड कर दिया है। पोर्टल या राशन कार्ड से संबद्ध मोबाइल नंबर से लागिन करके अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बना सकेंगे। केंद्र सरकार ने इस योजना के लिए बनाए गए से पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है। इसके लिए पात्र को पहले अपने नंबर से वेबसाइट को खोलना होगा। आगे पात्रता होने पर दिए गए विकल्प अनुसार अपना आयुष्मान कार्ड या परिवार के नए सदस्यों का नाम जोड़ सकेंगे। गौरतलब है की केंद्र सरकार बीपीएल परिवार के लिए 5 लाख रुपए तक इलाज की योजना एक ही सर्वर से ऑपरेट होती है। इस वजह से हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड कार्ड घर बैठे बन सकेंगे। इसके साथ ही जिले में विकसित भारत संकल्प यात्र के दौरान ग्राम पंचायत में शिविर लगा कर आयुष्मान पंजीयन किया जा रहा है। जिसमें कोई भी व्यक्ति आकर अपना पंजीयन करा सकता है।

■ परिवार के नए सदस्यों का नाम भी जोड़ सकेंगे

### जिले में 12 लाख से अधिक बनेंगे

बलौदाबाजार भाटापारा जिले में आयुष्मान कार्ड के पात्रें को से संख्या लक्ष्य निर्धारित 12 लाख 69 हजार 691 है। इसमें से 9 लाख 80 हजार 709 कार्ड बन चुके हैं। पूर्व में किए गए आयुष्मान पंजीयन का पीवीसी आयुष्मान कार्ड जिले को राज्य से 1 लाख 67हजार पीवीसी कार्ड प्राप्त हुए है। इन पीवीसी कार्ड का वितरण भी आधार बायो ऑथेंटिकेशन के माध्यम से जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से निःशुल्क किया जा रहा है। वर्तमान में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासकीय अस्पताल या चॉइस सेंटर जाना पड़ता था। जहा पर कार्ड बनाने में थोड़ा समय लगता था। जिसे देखेते हुए केंद्र सरकार ने अब इस सुविधा को अपग्रेट किया हैं। आम जन अब घर बैठे ही इसका लाभ उठा सकते हैं।

### यह है प्रक्रिया

आयुष्मान कार्ड प्रभारी विनय मिश्रा ने बताया कि सर्वप्रथम आयुष्यान ऐप प्लस आधार लिंक पेज का चुनाव कर आधार लिंक करे। आयुष्यान लॉगिन पर जाएं विकल्प चुनें,मोबाइल नंबर दर्ज कर,ओटीपी डालकर लॉगिन करे। इसके बाद दूसरा विकल्प आएगा जिस पर स्टेट, राशन कार्ड, फैमिली आईडी,जिला राशन नंबर दर्ज करें। यदि आधार कार्ड से लिंक मोबाइल उपलब्ध है तो आधार ओटीपी विकल्प का चयन करें। यदि आधार लिंक मोबाइल उपलब्ध न हो तो फेस ओथ विकल्प का चयन करें। यदि,फिंगरप्रिंट डिवाइस उपलब्ध हो तो फिंगरप्रिंट का चयन करें और प्रक्रिया पूर्ण करें। इसके बाद कैप्चर फोटो का विकल्प पर जाकर अपना क्लोजअप फोटो कैप्चर करें। पश्चात मोबाइल नंबर व एड्रेस की जानकारी भरकर सबमिट बटन दबाए। अप्रूवल होने की प्रतीक्षा करें। अप्रूवल होने के बाद आयुष्मान कार्ड डाउनलोड करें।

## अनदेखी : चखना सेंटर और मांस-मटन की अवैध बिक्री पर कार्रवाई नहीं

# बेदखल किए गए अतिक्रमणकारी मुख्य मार्ग सहित मंडी रोड में करने लगे कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के सुव्यवस्थित विकास में बाधक अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने के प्रति प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है। बेदखली कार्यवाही के नाम पर महज खानापूर्ति किये जाने के चलते चंद दिनों के भीतर ही नगर में मुख्यमार्ग सहित मंडी रोड में बेदखल किए गए अतिक्रमणकारी फिर से कब्जा करने में जुट गए है। वही प्रदेश स्तर पर सरकारी मदिरा दुकानों के आसपास संचालित अवैध चखना सेंटरो व नियम विरूद्ध खुले स्थान में मांस मटन के कारोबारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु बेजा कब्जाधारियों को चेतावनी देने के पश्चात 5 दिसंबर को नगरपालिका राजस्व विभाग की संयुक्त टीम पुलिस विभाग के सहयोग से अतिक्रमण हटाने का अभियान प्रारंभ किया गया था। इस दौरान गठित तोडू दस्ते में शामिल अधिकारी कर्मचारियों की टीम द्वारा जेसीबी व ट्रेक्टर आदि वाहनो के साथ नगर के मुख्यमार्ग सब्जी मंडी रोड, मटन मार्केट, में कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रयास किया गया था। चलाए गए इस अभियान का तीन दिनो मे समापन कर दिया गया।





### खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का नगर में पालन नहीं

खुले स्थानों पर मांस के विक्रय पर पाबंदी लगाई गई है। इसके लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को वर्ष 2011 में लागू किया गया है। गौरतलब है कि खुले स्थान में मांस मटन देखकर कई लोगों की धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचती है। चूकि मांस मटन के उपर मंडराती मक्खियों व अन्य कीटाणुओं व जीवों के जरिए उनके फैलने का खतरा बना रहता है।

### जिम्मेदारी से बचते रहे अधिकारी

शहर में अतिक्रमण हटाने वाले अभियान के असफल दिखाई पड़ने तथा हटाने के चंद दिनों के भीतर ही पुनः बेजा कब्जा हो जाने पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया गया। राजस्व विभाग की ओर से कहा गया कि किसी भी नगर को सुव्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी नगरीय निकाय की होती है। नगर के भीतर बेजाकब्जा होता है तो नगरीय निकाय के अनुरोध पर राजस्व प्रशासन कानून व्यवस्था के लिए सहयोग करता है। यदि नगरीय निकाय की ओर से पुनः अनुरोध किया जाएगा तो सहयोग देने को तैयार है। वही नगरीय निकाय की ओर से कहा गया कि प्रशासन के निर्देश पर राजस्व विभाग नगरीय निकाय व पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर कब्जा हटाया गया था। यदि प्रशासन कहेगा तो पुनः कार्रवाई की

### बेदखली के नाम पर हुई खानापूर्ति

तोडू दस्ते के पहुंचने पर उनके द्वारा दी गई चेतावनी पर अभियान के दौरान अधिकांस अतिक्रमणकारी अपना कारोबार समेटकर चले गए थे। बेजा कब्जा वाले स्थल पर रखे गये गुमटी, बड़ी-बड़ी पेटियों व अन्य सामानों को अतिक्रमण हटाने पहुंचे दल द्वारा उनकी जब्ती नही कर महज खानापूर्ति कर अतिक्रमण हट जाना मान लिया गया। मामला शांत होते ही पुनः बेजा कब्जाधारियो का कारोबार उसी स्थान पर पुनः संचालित करना शुरू कर दिया गया।

# गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर बना सकते हैं खुशहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम लांजा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गया। जिसमें पंथी दल द्वारा नृत्य गायन कर बाबा के उपदेशों को आमजन तक पहुंचाया। इस अवसर पर क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक इंद्र साव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक श्री साव के लांजा पहुंचने पर ग्रामीण एवं कांग्रेसजनों ने आतिशबाजी कर स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक साव ने जैत खंब की पूजा अर्चना कर पंथी नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शैली भाटिया ने कहा की बाबा गुरूघासी दास सिर्फ छत्तीसगढ़ के ही संत नहीं अपितु वो पूरे विश्व के संत थे। उन्होंने पूरे विश्व को सत्य के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया तथा आज के परिवेश में जहां जात पात के नाम पर दंगे हो रहे हैं। इन सब बातों को भूलाकर मनखे–मनखे एक समान का उपदेश देते हुए नशा मुक्ति की बात कही। इन्हीं आदर्शों पर चलकर हम अपने परिवार ,समाज ,प्रदेश एवं देश को खुशहाल बना सकते हैं। मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए विधायक इंद्र साव ने सबसे पहले जयंती की बधाई देते हुए कहा कि बाबा जी का जीवन दर्शन नई पीढ़ियों को मानवता का संदेश देता है भारत भूमि में अनेक संत महात्माओं ने जन्म लिया उनमें से एक बाबा गुरु घासीदास जी हैं जो मानव जाति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। बाबा जी के विचार आज भी प्रासंगिक है उन्होंने सामाजिक समानता और समरसता का मनखे–मनखे एक समान का जो संदेश दिया था।

■ लांजा के जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक साव

## महासमुंद ने कांकेर को एक पारी और 213 रनों से हराकर दर्ज की बड़ी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय मैच के दूसरे मैच में महासमुंद का मुकाबला कांकेर से दल्लीराजहरा में खेला। जिसमें महासमुंद ने कांकेर को 1 पारी और 213 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। मैच की शुरूवात में कांकेर ने टॉस जीतकर महासमुंद को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया, जिसमें महासमुंद की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 417/10 रनो पर आल आउट हुई। 417 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए कांकेर के सभी बल्लेबाज महासमुंद की गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये और महज 99 रनों पर पूरी टीम आल आउट हो गई। महासमुंद की ओर से नमन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट प्राप्त किए। सुधांशु को 3, प्रशांत को 2 विकेट मिले। तत्पश्चात महासमुंद की टीम को 317 रनों की विशाल बढ़त प्राप्त हुई और महासमुंद की टीम ने कांकेर को फॉलो आन का निमंत्रण दिया और कांकेर को दूसरी पारी में पुनः बल्लेबाजी के लिए बुलाया। परंतु, दूसरी पारी में भी कांकेर की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही और सुधांशु की फिरकी के आगे कांकेर के सारे बल्लेबाज एक-एक करके पवेलियन लौटते गए। इस तरह से कांकेर की पूरी टीम 105 रन बनाकर आल आउट हो गई।

# खेलकूद से बच्चों का होता है मानसिक एवं शारीरिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद को आवश्यक माना गया है। यही कारण है कि हर वर्ष स्कूलों में खेलकूद से संबंधित कई प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में भटगांव के करियर प्वाइंट नेशनल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पालक एवं बाहर से आए हुए अतिथि उपस्थित रहे। पालकों के माध्यम से खेल कूद प्रतियोगिता के विजेताओं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड तथा मेडल का वितरण किया गया। विद्यालय परिवार में प्राचार्य नरेश चौहान , स्कूल संचालक शिक्षिकाओं द्वारा अपनी जिम्मदारी पूर्वक सराहनीय कार्य किए। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सीख दी कि खेलकूद के माध्यम से बच्चों की मानसिक एवं शारीरिक



विकास होता हैं ।शिक्षा के साथ – साथ जीवन में खेलों का विशेष महत्व है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रही।

केजी 1 से 11 वीं तक के बच्चों ने विविध खेलकूद में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। केजी 1 से बिस्कुट रेस में भावेश चंद्रा प्रथम, महि आदित्य द्वितीय, लावनया साहू तृतीय, केजी 2 से लीना आदित्य प्रथम, कर्टिकेश्वर द्वितीय, रिशी पटेल तृतीय रहीं। कक्षा पहली से वेदांत प्रेमी प्रथम, सचिन टंडन द्वितीय, हिमांशु सिदार तृतीय। कक्षा नर्सरी से 100 मीटर रेस में वासु केवट प्रथम, यश वैष्णव द्वितीय, प्रतिमा निसाद तृतीय,कक्षा केजी 1 से डेनिश पटेल प्रथम, नियति साहू द्वितीय, विवान बघेल तृतीय रहे। कक्षा केजी 2 से प्रणव साहू,प्रथम, साक्षी साहू द्वितीय, पलिया प्रेमी तृतीय,कक्षा पहली से खिलेंद्र देवांगन प्रथम, हिमांशु सिदार द्वितीय, पीहू साहू तृतीय रहे। स्पून रेस में श्रेय बघेल प्रथम, जागृति यादव द्वितीय, आकांक्षा बंजारे तृतीय, वर्षा कुर्रे प्रथम, सोनम बंजारे द्वितीय, आकांक्षा चौहान तृतीय रहे। 100 मीटर रेस में सिमरन महिलाने प्रथम, अंजू साहू द्वितीय, दीक्षा प्रधान तृतीय, मयंक यादव प्रथम, रनवीर केवट द्वितीय, आयुष लहरे तृतीय, निकिता सिदार प्रथम, हिमांशु साहू द्वितीय, मुस्कान साहू तृतीय रहे। फलक साहू प्रथम, आयुष साहू द्वितीय, रुद्र साहू द्वितीय, दुर्गा साहू तृतीय।

### कबड्डी बालक में ग्रुप सी, बालिका में मानसी ग्रुप विजेता

कबड्डी बालक में ग्रुप सी की जीत हुई। कबड्डी बालिका में ग्रुप मानसी की जीत हुई। रिले रेस में 31 सेकंड से हुई जीत। रस्साकस्सी में संजना ग्रुप की जीत हुई। क्रिकेट में भिलाई टीम की हुई जीत। सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा खेल कूद के माध्यम से दिखाई।

## चारों हाउस के बच्चों ने किया डांस, फैंसीड्रेस स्पर्धा भी हुई

# आनंद मेले में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्टाल लगाए, सामान बेचा, कारोबार करना सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के ग्राम कोट में संचालित प्रगति विद्या मंदिर स्कूल में आज आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल की डायरेक्टर राजेश्वरी साहू मुख्यातिथि के रूप शामिल हुई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कई तरह के व्यंजनों का स्टॉल सहित मनोरंजन के लिए खेल मेला लगाया गया।

■ मनोरंजन के लिए खेल मेले का भी आयोजन

कार्यक्रम का शुभारभ मुख्य अतिथि राजेश्वरी साहू द्वारा सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन और राज्य गीत गाकर किया गया। आनंद मेला के कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों का फैंसी ड्रेस शो, चारों हाउस का डांस का आयोजन किया गया। जिसमें मिडिल के छात्र छात्राओं ने मिलकर अपने- अपने हाउस के अनुसार रंगारंग डांस प्रस्तुत किया। उसके पश्चात आनंद मेले का शुभारंभ मुख्य अथिति ने रिबन काटकर किया। आनंद मेला में सभी बच्चों ने मिलकर अपने अपने हाउस के अनुसार विभिन्न प्रकार के खाने पीने के स्टाल लगाया। जिसमें गुपचुप, भजिया, फ्रूटी, फल, मसाला डोसा, और विभिन्न प्रकार के खेल की भी व्यवस्था की गई। प्रिंसिपल लता सोनवानी के द्वारा समस्त स्टाफ, छात्र गणमान्य नागरिक एवम पालकों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।







**बच्चे बने महात्मा गांधी, किसान:** प्राइमरी कक्षा के छोटे छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार की वेशभूषा में जैसे झांसी की रानी, भारतमाता , भगत सिंह, छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, किसान बनकर झाकियां प्रस्तुत किया। बच्चों की झांकी पालको, शिक्षकों व अन्य लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

## सशिमं खरोरा में आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा में 23 दिसबंर को वर्ग प्रमुख श्रीमती सीमा पंसारी के नेतृत्व में आचार्यों के व्यक्तित्व विकास के लिए आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग रखा था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अश्वनी पाटकर , वल्लभ लाहोटी , चंद्र कुमार डडसेना एवं आचार्य परिवार द्वारा माता सरस्वती के पूजन एवं वंदन के साथ हुआ। इस वर्ग में प्रथम कालांश गीत एवं प्रार्थना सामूहिक रूप से किया गया। द्वितीय कालांश में समिति के सदस्यों के द्वारा चर्चा परिचर्चा का विषय रखा गया। जिसमें प्रावीण्य सूची में स्थान बनाना, अपने–अपने विषय में कमियों को दूर करना ,10वीं एवं 12वीं के बच्चों की श्रेणी में सुधार करना, सुलेख के माध्यम से बच्चों का विकास करना, अनुशासन स्वाध्याय, प्रयोग आधारित शिक्षा, पर ध्यान आकर्षित किया गया। तृतीय कालांश में अश्वनी निषाद के द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। चतुर्थ कालांश में प्राचार्य अश्विनी पाटकर के द्वारा खेल–खेल में शिक्षा को आचार्य, दीदियों के द्वारा खेल के माध्यम से सिखाया गया। उक्त आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए रखा गया जाता है।

**खबर संक्षेप**

## दो डिग्री तक चढ़ा रात का पारा

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर समेत राज्य में रात का न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक बढ़ गया है। सुबह के वक्त पूर्व की नमीयुक्त हवा के असर से काफी देर तक बादल छाए रहे और देर से धूप निकली। हवा की तेज गति की वजह से देर तक ठंड का अहसास होता रहा। अब ठंड में उतार-चढ़ाव जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राज्य के मौसम में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ का असर हुआ है। इस बार इसका असर केवल रात के तापमान में वृद्धि और हल्के बादलों के रूप में नजर आ रहा है। रविवार को भी कुछ इसी तरह की स्थिति बने रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ होने, मगर तापमान में उतार-चढ़ाव होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस माह रात के तापमान में अब अधिक गिरावट होने के आसार नहीं हैं। हालांकि रात लंबी होने की वजह से ठंड की अधिकता महसूस होती रहेगा। पिछले चौबीस घंटे में रात के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई।

## गोंगल में मनाई गई घासीदास की जयंती

**महासमुंद।** झलप गोंगल ग्राम में बाबा गुरुघासी दास की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पंथी नृत्य की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में भाजपा नेता व सरपंच रूपलाल पटेल, राकेश साहू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष युवा नेता, नेपाल पटेल ग्रामीण सचिव, संतोष पटेल, सावित्री, दुष्यंत, नेतराम, फगुवा, तुलाराम, हेमसिंह, तुलसी राम, अग्नुराम, धरम दास, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

## गांवों में दिया जा रहा निमंत्रण

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम छुईपाली में मेरा गांव, मेरी अयोध्या के तहत अपने गांव को ही अयोध्या मानकर सुबह से ही सुंदरकांड, हनुमान चालीसा भजन संकीर्तन कर भव्य कार्यक्रम आयोजन व दिवाली मनाकर निमंत्रण रूपी अक्षत चावल, राम लला का चित्रण और पत्रक के रूप में निमंत्रण को प्रत्येक घर तक पहुंचाने का ग्रामीणजनों को विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, बजरंगदल प्रखंड संयोजक मयंक पाणिग्राही एवं धर्म जागरण के संयोजक योगेश शर्मा व अन्य कार्यकर्ताओं ने संकल्प दिलाया।

## शहीद स्मारक में फूलों की साफ-सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में फूलों की साफ सफाई की गई। पूर्व सैनिक संगठन एवं संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि घर खूबसूरत बनाने के लिए बाहर के साथ-साथ अंदर की साज-सजावट का भी खास ख्याल रखना पड़ता है। महिलाएं घर को सजाने के लिए तरह-तरह की चीजों का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन घर को सजाने के लिए वे सबसे ज्यादा फूलों का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं।

### भागवत कथा : लवन में श्रीकृष्ण लीला के वर्णन के साथ ही कथा का हुआ समापन

# हर पल मनुष्य को भगवान के नाम का जप करते रहना चाहिए तभी इस भवसागर से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन


भगवान कृष्ण जगत के पालनहार हैं। करूणा के सागर हैं, दया निधान है। हर पल मनुष्य को भगवान का नाम जप करते रहना चाहिए तभी भव से मुक्ति मिलेगी।

उक्त बातें कथावाचक ने समापन के अवसर पर कहीं। बाजार चौक लवन भानमति साहू के घर चल रही भागवत कथा का समापन रविवार को सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। भागवत कथा में कृष्ण लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास ललित शर्मा ने कहा कि कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उनको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना भेष बदलकर भगवान श्री कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्री कृष्ण उसको ही मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इन्द्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इन्द्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इन्द्र एक सप्ताह के बाद बारिश को बंद कर देते हैं। ऐसे ही भगवान श्री कृष्ण अनेक लीलाएं करते हैं। आगे कथाव्यास ललित नारायण शर्मा द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव–विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। कथाव्यास ललित नारायण शर्मा ने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। भगवान के दर जो कोई भी जाता है, खाली हाथ नहीं आता।




## आत्ममंथन ही श्रेष्ठ समुद्र मंथन : पं. शुक्ला






**कसडोल।** पावन ग्राम सेल में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर व्यासपीठ से आचार्य पं अनिल शुक्ला द्वारा भगवान के विविध अवतार की कथाओं का वर्णन किया गया। उनके द्वारा भगवान नरसिंह नारायण के कथा में भक्त राज प्रहलाद के चरित्र का वर्णन किया गया। प्रहलाद गर्भ से ही भगवान का भक्त बनकर प्रगट हुआ था। उन्हीं की रक्षा के लिए भगवान नरसिंह नारायण का अवतरण हुआ और हिरण्यकशिपु का उद्धार किया गया और प्रहलाद को भक्तों में सर्वश्रेष्ठता की प्राप्ति हुई। आगे मनवंतर की कथाओं का वर्णन किया गया भगवान द्वारा छठवें मन्वंतर में समुद्र मंथन किया गया जिसमें भगवान चार रूपों में अजित नारायण, कच्छप नारायण, धनवंतरी नारायण और मोहिनी नारायण अवतार लेकर समुद्र मंथन कर देवताओं को अमृत का पान कराया। आचार्य श्री ने बताया कि मानवीय जीवन में नित्य आत्ममंथन करना ही श्रेष्ठ समुद्र मंथन है जिसके द्वारा जीव सतों भावरूपी अमृत का पान करके भवसागर से पार हो सकता है।

वामन, मत्स्य और राम चरित की गाथा का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई गई तथा साहू परिवार के घर आंगन में दिव्य झांकी द्वारा भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों की भीड़ निरंतर बढ़ रही है, इस अवसर पर किसन लाल, शिवलाल, महेन्द्र साहू, अशोक वर्मा, करण चंद्राकर, देवकुमार साहू, कमल साहू आदि प्रधान पाठक एवं साहू परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

यज्ञकर्ता लोचन प्रसाद साहू एवं यशवंत साहू द्वारा भक्तों को कथा श्रवण के लिए आग्रह किया जा रहा है एवं भक्तों के भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है।

## अभी भी भगवान हर जगह हैं, बुलाने के लिए प्रहलाद की भक्ति होना चाहिए: प्रेम नारायण

**बगबुड़ा।** श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन रविवार को कथा सुनाते हुए कथावाचक डॉ. प्रेमनारायण शर्मा देवकर वाले ने कहा कि भागवत कथा में प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है। बताता है कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकता। भयानक राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने अपनी ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी। सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद द्वारा अपने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया गया। वर्तमान समय में युवा इस रास्ते से भटक रहे हैं। जिन्हें भक्त प्रहलाद के चरित्र का अनुशरण करना चाहिए। पंडित शर्मा ने कहा कि पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता घमंडी और दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करना चाहिए। नगर के सुनाराम साहू के घर में भागवत कथा हो रही है। कथावाचक ने कहा कि प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की भक्ति को स्वीकार किया और पिता को भी उसकी ओर आने के लिए प्रेरित किया। किंतु राक्षस प्रवृत्ति के होने के चलते हिरण्यकश्यप प्रहलाद की बात को कभी नहीं माना। ऐसे में भगवान श्री कृष्ण को नरसिंह अवतार में जन्म लेकर उसका संघार करना पड़ा। भगवान श्री कृष्ण के द्वारा वरदान मांगने पर प्रहलाद द्वारा यह वर मांगा गया कि मुझे जीवनभर केवल आपके भक्ति करने को मिले। उसके बाद प्रहलाद ने अपने पुत्र धर्म का निर्वहन किया और अपने पिता की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कथाव्यास री शर्मा ने कहा कि भगवान अभी भी हर जगह है कण–कण में है किंतु उन्हें बुलाने वाले प्रहलाद चाहिए।



## देवसुंद्रा में पं. त्रिभुवन सुनाएंगे भागवत कथा

**पलारी।** ग्राम देवसुंद्रा में संत कवि पवन दीवान के शिष्य पंडित त्रिभुवन महाराज मिश्रा राजिम बारुका वाले का श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन ग्राम के नागरिक महेतरू वर्मा ने अपने स्वर्गीय माता पिता राजकुंवर वर्मा फगुआ वर्मा के स्मृति में पूर्वजों के एवं अपने कुल के कल्याण के लिए किए हैं। कथा में विशेष रूप से परिक्षित जन्म वराह अवतार सती चरित्र ध्रुव चरित्र भरत चरित्र अजामिल चरित्र प्रहलाद नरसिंह अवतार समुद्र मंथन श्री कृष्ण जन्मोत्सव रुखमणी विवाह सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष आदि प्रमुख हैं। गीता हवन कपिला तर्पण पूर्णाहुति तथा महाप्रसादी के साथ समापन होगा।



# गौरा गौरी का बाजे-गाजे के साथ किया विसर्जन

**बिलाईगढ़।** ग्राम धनसीर के मुहल्ला मांझा खोल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरा गौरी महोत्सव महिला समिति द्वारा गौरा गौरी का विवाह पूजन कार्यक्रम रविवार को आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़ ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने भगवान शंकर से खुशहाल जीवन जीने और सबके मनोकामना पूर्ण करने की भगवान से प्रार्थना किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती पद्मा जनक साहू सरपंच ग्राम पंचायत धनसीर कर रहे थे।

- धनसीर में गौरा गौरी महोत्सव में शामिल हुईं विधायक कविता प्राण लहरे

विशिष्ट अतिथि द्रौपती महेन्द्र मरावी जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक –8, उमा द्रुपत सिंह राय जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक –9 उपस्थित थे। विवाह मंडप को बहुत सुन्दर सजाया गया था। भगवान भोलेनाथ की बाराती में भोले नाथ की जयकारा लगाते हुए बाजे गाजे के साथ मांदर की ताल के साथ गीत गाते हुए नाचते झूमते हुए महिलाएं पुरुष एवं बच्चे अधिक संख्या में शामिल हुए। महिलाओं द्वारा रातभर गौरा गौरी की विवाह गीत गाकर विवाह संपन्न हुआ और सुबह मांदर के ताल के साथ गीत गाते हुए गांव के ठाकुर तालाब में विसर्जन किया गया। सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। गौरा गौरी महिला समिति के अध्यक्ष महेतरीन, उपाध्यक्ष विमला देवी कंवर, सचिव मायामती गहीर, कोषाध्यक्ष पूजा तोमर, संरक्षक ताराबाई तोमर, संयुक्त सचिव उषाबाई तोमर, बीजेश्वरी कंवर, कीर्तन बाई साहू, पद्मा कैवर्त्य, मीना बाई कंवर, राम बाई यादव, मथुरा बाई कैवर्त्य, यामना साहू, तिहार बाई कंवर, शुकवारा यादव, लीलाबाई नेताम, सुग्रीता कंवर, मंगली बाई विश्वकर्मा, पार्वती साहू, कौशिल्या कैवर्त्य, जतीराम राम कंवर, हिमांशु कैवर्त्य आदि का सहयोग सराहनीय रहा।



## प्रेम की चरम अवस्था को प्राप्त किए बिना भगवत प्राप्ति बहुत कठिन : राधिका

**पिथौरा।** पूरी सृष्टि को अपनी उंगलियों से नियंत्रित करने वाले मदजगदाधार भगवान कृष्ण को यशोदा मैया की छड़ी नियंत्रित कर रही है। यही कृष्ण की बाल लीला है। जिसमें प्राणी मात्र को यह संदेश दिया गया है कि भगवान प्रेम के वसीभूत हैं। और प्रेम की चरम अवस्था को प्राप्त किए बिना भगवत प्राप्ति बहुत कठिन है।उपरोक्त उद्गार अयोध्या धाम से पधारी साध्वी राधिका किशोरी ने पिथौरा ब्लाक के सीमावर्ती ग्राम भुरकोनी के समीप स्थित ग्राम फिरगी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन करते हुए व्यक्त किए।

# किसानों को बकाया बोनस राशि का वितरण मंडी में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र में किए गए वादों के अनुसार 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के किसानों को बोनस के रूप में राशि वितरित की जाएगी। 2 वर्षों के बकाया बोनस की राशि चेक के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को कृषि उपज मंडी भाटापारा में प्रदान की जाएगी।। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा कार्यक्रम संपन्न होगा।। जिला प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक संख्या में किसानों को उपस्थित रहने की अपील की गई है। विदित हो कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत किसानो को बकाया राशि बोनस के रूप में देने का आश्वासन दिया गया था। इस गारंटी के अंतर्गत आज प्रदेश के किसानों को धनराशि वितरित की जा रही है।

### जगह- जगह होंगे कार्यक्रम

नगर के जयस्तंभ चौक में 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं अन्य कार्यक्रम होगा। संध्या 6 बजे कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। साप्ताहिक साफ-सफाई कार्यक्रम 25 दिसंबर को मोती गार्डन में होगा। जयस्तंभ चौक 26 दिसंबर को कल्याण सागर तालाब में होगा। 27 दिसंबर को रावणभाठा मैदान, 28 दिसंबर को सातादेवालय तालाब में सुबह 7 से 8 बजे तक होगा। 29 दिसंबर को मारवाड़ी मुक्तिधाम, 30 दिसंबर को रावणभाठा मुक्तिधाम, 31 दिसंबर को रेस्ट हाउस से नाका नंबर 1 तक डिवाइडर मे कार्यक्रम निर्धारित है। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भाटापारा ने सभी से उपस्थित रहने की अपील की है।

## शराब की बिक्री पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करते हुए सफेद सिंह पोर्ते पिता उग्रसेन 45 साल ग्राम जामपाली को अपने घर की बाड़ी में रखे 4000 एमएल महुआ शराब कीमती 800 रुपए के साथ पकड़ा गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## पेज 7 के शेष

### भटभेरा सरपंच हुई...

सचिव द्वारा पंचायत के विभिन्न कार्यों की कुल राशि 2160224 रुपए बिना तकनीकी स्वीकृति व नियमों के पालन किए बिना व्यय किया गया है। जांच प्रतिवेदन में 2019 – 20 में पूर्व सरपंच प्रेमसिंग ध्रुव द्वारा 9 लाख 15 हजार 997 रुपए का व्यय किया जाना पाया गया। अनावेदिका सरपंच के कार्यकाल का नहीं होने से उक्त राशि की वसूली पृथक से दर्ज करने आदेश पारित किया गया।

### अवैध खनिज उत्खनन...

हुए 1 जेसीबी मशीन जिसका वाहन क्रमांक सीजी 09 जेई 9333 को पकड़ा गया है। जेसीबी के अलावा तीन हाईवा क्रमांक सीजी 04 एमआर 7722, सीजी 25 बी 0115 सीजी 04 एमपी 7722 वाहन को भी जब्त किया गया हैं। सभी जब्त वाहनों को सिमगा थाने की सुपुर्दगी में रखा गया है। जब्तों वाहनों के मालिकों के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन के मामलों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है।

### 1.77 लाख से ...

स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में अपरान्ह 12 बजे से प्रारंभ होगा। इसके अन्तर्गत बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के 1 लाख 77 हजार 377 किसानों का 279 करोड़ 62 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा । खरीफ वर्ष 2014–15 में धान बेचने वाले कुल 87 हजार 115 किसानों से 4583587.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जिसका बोनस राशि 137 करोड़ 50 लाख रुपए है। इसी प्रकार खरीफ वर्ष 2015–16 में धान बेचने वाले कुल 90 हजार 262 किसानों से 4737371.50 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी जिसका बोनस राशि 142 करोड़ 12 लाख रूपये है। विकासखण्ड भाटापारा, सिमगा, कसडोल में कृषि उपज मंडी परिसर तथा पलारी विकासखण्ड में सामुदायिक भवन पलारी में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## डिवाइडर पर चढ़कर पलटा टमाटर से भरा ट्रक, सड़क पर बिखरे

**रायपुर**। राजधानी रायपुर के मंदिरहसौद टोल प्लाजा के पास शनिवार को टमाटर से भरा एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया, जिससे ट्रक में रखे सारे टमाटर सड़क पर बिखर गए। इस हादसे में ट्रक के चालक को भी चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद सड़क पर बिखरे टमाटर को उसके मालिक ने मजदूरों की मदद से उठवाकर दूसरे ट्रक में लोड कराकर भिजवाया। ट्रक पलटने से कई कैरेट टमाटर भी खराब हुए हैं, लेकिन इससे टमाटर मालिक को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, क्योंकि इन दिनों टमाटर के भाव में गिरे हुए हैं।

## युवक से 70 हजार की लूट

**रायपुर**। टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक युवक ने दो बदमाश तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ नकदी 50 हजार रुपए तथा 20 हजार रुपए कीमत की अंगूठी लूटे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी लोकेश साहू ने लक्ष्मण उर्फ विक्की कौशल, नारायण धृतलहरे तथा उनके साथियों के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। लोकेश ने पुलिस को बताया है कि लक्ष्मण तथा उसके साथी तरुण बाजार के पास उसकी बाइक रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए जेब से नकदी सहित हाथ से अंगूठी छीनकर फरार हो गए। पुलिस घटना में शामिल एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**खेलकूद : दामाखेड़ा में कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का 35 वां वर्ष**

# कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में सिमगा ने दामाखेड़ा को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

**गांव के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सामने लाना उद्देश्य**



फाइनल मैच में सिमगा सुपर किंग एवं सुपर फाइटर क्लब दामाखेड़ा के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें दामाखेड़ा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाकर सिमट गयी। जिसके जवाब में सिमगा की टीम एक विकेट खोकर यह लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और 9 विकेट से जीत दर्ज किया। कल खेले गए फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच निखिल रहे।

पूज्य गृन्धमुनि नाम साहब कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब के साथ नवनिर्वाचित विधायक इंद्र साव, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शैली भाटिया ,जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे,पारख सिंह गभेल,हेम सिंह चौहान ,वीरेंद्र अग्रवाल आदि की उपस्थिति में हुआ। विदित हो कि दामाखेड़ा में लगातार 35 वर्षों से यह प्रतियोगिता होती आ रही है जिसमें आसपास के गांव की टीमें हिस्सा लेते आई है। पुरस्कार वितरण समारोह में आयोजक मंडल के सदस्य वीरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह टूर्नामेंट 1988 से प्रतिवर्ष होता आ रहा है और कार्क बाल से मैच करने का उद्देश्य है कि यहां के ग्रामीण इस प्रतियोगिता में हिस्सा लें और गांव के प्रतिभावान खिलाड़ी सामने आ सकें। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शैली भाटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस ग्राउंड से मेरी भी यादें जुड़ी हुई है क्योंकि इस टूर्नामेंट में हम लोग भी हिस्सा लेते थे। उस समय क्रिकेट इतना लोकप्रिय खेल नहीं होता था। मगर इस क्षेत्र में क्रिकेट के टूर्नामेंट बहुत ही कम होते थे। दामाखेड़ा के पंथश्री प्रकाश मुनि नाम साहब एवं गुरु गोसाई डॉक्टर भानु प्रताप के क्रिकेट प्रेम के चलते दामाखेड़ा और आसपास के क्षेत्र में क्रिकेट लोकप्रिय खेल बना और भाटापारा,हथबंद, तिल्दा, धरसीवां बेमेतरा आदि की टीमें भी हिस्सा लेती थी। इस कार्यक्रम में सिमगा नगर पंचायत के पार्षद दशरथ चंद्राकर, दिनेश साहू ,कोमल सिंह ,हेमंत साहू, हेमलाल , घनाराम धृतलहरे,चंद्र कुमार साहू ,हिम्मत शर्मा ,आशु साहू, कमलेश साहू ,यशवंत तिवारी आदि उपस्थित थे।

### विधायक साव ने रोलर देने की घोषणा की

विधायक इंद्र साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहब के क्रिकेट के प्रति ललक का ही परिणाम है कि यह प्रतियोगिता पिछले 35 सालों से लगातार इतने शानदार तरीके से इसका आयोजन होते आ रहा है ग्रामीण क्षेत्रें में इस प्रकार के टूर्नामेंट होने से ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने आने का मौका भी मिलता है उन्होंने पंथश्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा गौरान्वित हूं कि मेरे क्षेत्र में दामाखेड़ा जैसे धर्म के केंद्र होने के साथ–साथ खेलों को बढ़ावा देने वाले गुरु भी हैं। उनका सहयोग और आशीर्वाद खिलाड़ियों को हमेशा मिलता रहे। आयोजक मंडल की मांग पर इंद्र साव ने मैदान में एक रंग मंच एवं पिच बनाने हेतु रोलर उपलब्ध कराने की घोषणा की।

# अपराधों पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को ठीक रखना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने कसडोल थाना प्रभारी लखेश को हथबन्द स्थानांतरण करते हुऐ सिमगा थाने का प्रभार संभाल रहीं निरीक्षक मंजुलता राठौर को कसडोल थाना की कमान सौंपी थी। निरीक्षक मंजुलता ने 22 दिसंबर को कसडोल थाना प्रभारी का पदभार संभाला लिया है। अपराधों पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

रविवार को पत्रकार सदन में मीडिया से चर्चा करते हुऐ थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर थानांतर्गत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रहेगा। अपराधों पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र में अमन चैन शांति रहे इसके लिए पुलिस के साथ- साथ आम नागरिकों को भी सहयोग करना होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र अंतर्गत जुआ, सट्टा, शराब जैसे अपराधो को पनपने नहीं दिया जाएगा। ज्ञात हो मंजुलता 1999 बैच की अधिकारी हैं। उल्लेखनीय है कि मंजुलता राठौर इसके पहले भाटापारा, सिमगा, जांजगीर, कोरबा, डीडी नगर, खम्हारडीह, महिला थाना रायपुर सहित अन्य जगहों पर पदस्थ रहीं हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में लेबर सरदारों को पनपने नही दिया जाएगा। साथ ही पलायन में पुलिस की कड़ी नजर रहेगीं।

- **मंजुलता ने संभाला कसडोल थाना प्रभारी का पदभार**




## मड़ई छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों की परंपरा और पहचान

**बगबुड़ा**। मड़ई मेला का आयोजन रविवार को गांव बगबुड़ा के नया तलाब गौठान मे कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष हमारे गांव बगबुड़ा में हर्षोल्लास के साथ मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांव के सरपंच शिवप्रसाद पैकरा ने कहा छत्तीसगढ़ में आयोजित होनीवाली मड़ई मेला की आवश्यकता व महत्व पर सारगर्भित उदबोधन में कहा की हमारे राज्य के मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्षो पुराना है। बोल चाल की समान्य मड़ई सब्द का अर्थ मेल जोल व भेंट से होती है। मड़ई हमारे सांस्कृतिक विरासत है। हमें एक पीढ़ी से दूसरी पीढी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे है। उत्सव का प्रमुख उद्देश्य धान कटाई के बाद अपने देवी देवताओं का धन्यवाद ज्ञापित करना। अपने मित्रों प्रियजनों से भेंट करने का ऊत्साह जिन्हें हम सैकड़ों सालों से मानते आ रहे हैं। मड़ई मेला छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन व त्योहारों का प्रतिबिंब है।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर महामाया देवी मंदिर पुजारी बैगा तिलकराम यादव कोहरौद निवासी, अश्वनी कुमार कठोत्रे, समिति के सदस्य जगतराम यादव,बिसाहू यादव, दयानंद यादव,हिरासिग यादव,हरिशचंद यादव, देवकरण यादव, परदेशी यादव, पंचू यादव,मेंन्का ,बिहारी यादव , मड़ई मेला में छोटे बच्चो के खिलौने तथा कई प्रकार समाग्री को देखने को मिला ।

## युवराज काशी ज्योतिष विभूति से सम्मानित

**सिमगा**। गत दिवस काशी वाराणसी में अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन में श्री काशी ज्योतिष विभूति का सम्मान प्रदान किया गया। पूरे भारत एवं नेपाल से बड़े बड़े दिग्गज ज्योतिषी इस अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन में सम्मिलित हुए। जिसमें बलौदाबाजार जिले के सिमगा निवासी प्रसिद्ध ज्योतिष शास्त्री युवराज ठाकुर भी पहुंचे। उन्हें वहां श्री काशी ज्योतिष विभूति से सम्मानित किया गया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। ज्योतिष गुरु ने आदिवासी समाज के बारे में कहा कि यह बहुत खुशी की बात है हमारे शिष्य छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज के हैं।



